**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 30.09.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा –आर्थिक और सामाजिक विकास वहीं संभव है, जहां कानून का शासन कायम है।**
- **प्रदेश के मेडिकल कॉलजों और उनसे जुड़े अस्पतालों में प्रबंधन को और मजबूत किया जाएगा।**
- **राज्य के वन्य जीव अभ्यारण्य मॉनसून के दौरान बंद रहने के बाद कल से फिर खुलेंगे।**
- **प्रदेश के पूर्वी स्थानों पर कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश– बाकी स्थानों पर गर्मी बढ़ी।**

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि आर्थिक और सामाजिक विकास वहीं संभव है, जहां कानून का शासन कायम है। आज नई दिल्ली में भारतीय पुलिस सेवा 2023 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि विभिन्न अखिल भारतीय सेवाओं में भारतीय पुलिस सेवा का अपना एक महत्व है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि कानून और व्यवस्था केवल शासन का आधार नहीं है यह आधुनिक राज्य का आधार है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि चूंकि भारत का लक्ष्य आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयों को छूना है, इसलिए आईपीएस अधिकारियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने, न्याय सुनिश्चित करने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के बिना प्रगति अर्थहीन है।

000

प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों और उनसे जुड़े अस्पतालों में प्रबंधन को और मजबूत किया जाएगा। इन अस्पतालों को पेशेंट फ्रेण्डली बनाने के साथ ही इनमें उच्च स्तरीय उपचार उपलब्ध करवाने के लिए प्रभावी प्रयास सुनिश्चित किए जाएंगे। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने आज जयपुर में आयोजित बैठक में प्रदेश के 6 मेडिकल कॉलेजों के कार्यों की समीक्षा के दौरान इस संबंध में दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य और जनसेवा से जुड़े इन संस्थानों के उन्नयन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। विभाग के सभी अधिकारी और चिकित्सक संकल्पित और समन्वित प्रयासों से मेडिकल कॉलेजों और संबद्ध अस्पतालों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएं।

चिकित्सा शिक्षा सचिव ने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों में मेंटीनेंस सहित अन्य कार्यों के लिए निविदा प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएं। उन्होंने अस्पतालों में जांच मशीनों की नियमित मेंटीनेंस के निर्देश देते हुए कहा कि ई–उपकरण पोर्टल पर जांच मशीनों की सूचना नियमित रूप से अपडेट की जाए।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको कौशल विकास के वास्ते लिये गये सरकार के फैसलों के बारे में बता रहे हैं।

000

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आज जयपुर में अपने निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिये। इस दौरान जयपुर ग्रेटर नगर निगम की मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर और पार्षद उपस्थित रहे।

000

कैबिनेट मंत्री किरोडी लाल मीणा ने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव फजल उर रहीम पर जयपुर में मंदिर माफी, सिवाय चक और पुलिस विभाग को आवंटित करीब 1400 बीघा जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि इस मामले की ईडी, सीबीआई और एसओजी से जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

--------------------

प्रदेश के वन्य जीव अभ्यारण्य कल से फिर खुल जायेंगे। मॉनसून के दौरान तीन महीने बंद रहने के बाद कल से इनके खुलने पर पर्यटकों की संख्या में बढोतरी की आशा है। हमारे अलवर संवाददाता ने बताया कि सरिस्का टाइगर रिजर्व में सुबह 6 बजे से टूरिस्ट सफारी पर निकल सकेंगे। रोजाना दो पारियों में सफारी का लुत्फ उठा सकेंगे। अभी कुल 5 जोन हैं। जिन पर सफारी के रूट हैं। इस बार अच्छी बारिश होने से सरिस्का में जंगल की खूबसूरती बढ़ गई है। वर्तमान में सरिस्का में कुल 43 बाघ–बाघिन हैं। उधर सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि रणथम्भौर बाघ अभ्यारण्य को देखने के लिए आये पर्यटकों के कारण क्षेत्र में चहल–पहल बढ़ गई है।

........................

पाली में कल से वन्य जीव रेन्ज सादड़ी और देसूरी में देशी–विदेशी सैलानियों के लिये सफारी शुरू हो जायेगी।

000

प्रदेश के पूर्वी स्थानों पर कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। केकड़ी में आज 15 मिनिट तक बारिश हुई। इसी दौरान पश्चिमी हिस्से बिल्कुल सूखे रहे। बारिश बंद होने के कारण गर्मी लगातार बढ रही है। सबसे ज्यादा 38 दशमलव 6 डिग्री तापमान फलौदी में रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में कोटा, उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताइ है। 2 अक्टूबर से राज्य के अधिकांश भागों में बारिश की गतिविधियों में कमी होने तथा केवल उदयपुर, कोटा संभाग में कहीं कहीं हल्की बारिश होने के आसार है।

000

भरतपुर में आज क्लस्टर्ड न्याय क्षेत्र भरतपुर, धौलपुर, करौली के न्यायधीशों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के न्यायधिपति मुन्नूरी लक्ष्मण और फरजंद अली के आतिथ्य में आयोजित हुई कार्यशाला में पूर्व के आपराधिक कानून भारतीय दंड संहिता और दंड प्रक्रिया संहिता तथा नए कानून के बारे में जानकारी दी गई । पुराने कानून और नए कानून का तुलनात्मक अध्ययन कर विचार विमर्श भी किया गया । इस दौरान न्यायिक अधिकारियों ने आपराधिक विधियों पर भी विचार व्यक्त किये।

000

सिरोही जिले के आबू रोड में प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन का आज समापन हुआ। पांच दिन का यह सम्मेलन सकारात्मक पत्रकारिता पर केन्द्रित था। इसमें विभिन्न सत्रों के माध्यम से चर्चा की गई। इस सम्मेलन में देशभर से बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया और सकारात्मक पत्रकारिता के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

000

करगिल लड़ाई के नायक परमवीर चक्र विजेता ऑनरेरी कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव ने कोटा में 14 एनसीसी बटालियन के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में कैप्टन यादव का सम्बोधन सुनने के लिये कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, टोंक, चित्तौड़गढ़, अलवर, भरतपुर, करौली, गंगापुरसिटी और सवाईमाधोपुर सहित विभिन्न जिलों से एनसीसी कैडेट एकत्र हुए। कैप्टन यादव ने कारगिल युद्ध के दौरान विपरीत परिस्थितियों में साहस, बलिदान और अटूट दृढ़ संकल्प के वृत्तांत साझा करते हुए 500 से अधिक एनसीसी कैडेटों को प्रेरित किया । उन्होंने कैडेट्स से साहस, अखंडता और राष्ट्र सेवा के मूल्यों को अपनाते हुए बहादुरी और निस्वार्थता की विरासत को आगे बढ़ाने का आग्रह किया।

000

प्रदेश में स्वच्छताही सेवा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों में आमजन और सरकारी कर्मचारी अधिकारी तथा हर वर्ग सक्रियता से भाग ले रहे हैं। पाली में आज इस अभियान में सभी पुलिस कार्यालय, थानों, पुलिस लाइन परिसर कि पुलिसकर्मियों द्वारा सफाई की गई। साथ ही रिकॉर्ड को व्यवस्थित किया गया और स्वच्छ

रखने का संकल्प लिया गया। अजमेर में नगर निगम द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली में नगर निगम, प्रशासनिक अधिकारियों सहित पार्षदगण, आमजन, सफाई कर्मचारी और स्कूली छात्र शामिल हुए। शाहपुरा में आज राजकीय संस्कृत उच्च प्राथमिक विद्यालय रैगर बस्ती में साफ–सफाई और ठोस तरल कचरा निस्तारण पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई गई। चित्तौडगढ़ में जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने आज अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर कलेक्ट्रेट परिसर में साफ–सफाई की। भीलवाड़ा शहर में गंदगी फैलाने वालों पर नगर निगम द्वारा सख्ती बरती जा रही है। आयुक्त हेमाराम चौधरी ने कहा कि निगम गंदगी फैलाने वालों के चालान कर उनसे जुर्माना वसूल रहा है। आज तक 60 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया गया है। सिरोही के उन्दरा में केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय के द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में संगोष्ठी, शपथ और श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सवाईमाधोपुर में स्वच्छता मैराथन हुई जिसे अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

000